## दिनांक 14/11/2011 को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के मुख्यालय के सभाकक्ष में प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय विद्या परिषद की तृतीय बैठक की कार्यवृत्ति

विश्वविद्यालय विद्या परिषद् की तृतीय बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया

| | |
|---|---|
| प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, | अध्यक्ष |
| प्रो0 एच0सी0 नैनवाल, | सदस्य |
| प्रो0 शिशिर कुमार | सदस्य |
| डॉ0 आर0सी0 पाण्डे, | सदस्य |
| प्रो0 ए0के0 शर्मा | सदस्य |
| डॉ एस0आर0 शर्मा, | सदस्य |
| प्रो0 आर0एच0 गौराने, | सदस्य |
| डॉ0 प्रतीज्ञा जुयाल, | सदस्य |
| मा0 कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत विश्वविद्यालाय नामित सदस्य | सदस्य |
| प्रो0 आर0के0 सिंह | ओ0एस0डी0 |
| डॉ0 आशीष उनियाल | उपकुलसचिव |
| श्री अवधेश नौटियाल | उपपरीक्षा नियंत्रक |

बैठक की अध्यक्षता प्रो0 दुर्ग सिंह चौहान, माननीय कुलपति महोदय द्वारा की गयी। बैठक में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा के पश्चात् निर्णय लिये गयेः–

**कार्यसूची**

**मद सं0–01**

विश्वविद्यालय के पास ऐसे प्रस्ताव आ रहे हैं, जिनमें अखिल भारतीय सेवा में कार्यरत अधिकारी आई0ए0एस0, आई0पी0एस, सी0ए0 इत्यादि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से मुख्यतः R.D.C.Monitored पी0एच0डी0 करना चाहते हैं। उक्त प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**संकल्प**

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को उक्त कार्य सूची के संबंध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के उक्त प्रस्ताव का समर्थन करते हुये विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि वे अखिल भारतीय सेवा में कार्यरत अधिकारियों (आई0ए0एस0, पी0सी0एस0) तथा चार्टर्ड अकाउन्टैन्ट (सी0ए0) इत्यादि का Monitored को पी0एच0डी0 प्रदान की जा सकती हैं।

कार्यसूची
मद सं0–02

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय शोधकर्ताओं के लिए एक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहा है, इस क्रम में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अलग पी0एच0डी0 Ordinance पुर्व में अनुमोदित किये, उक्त Ordinance वर्तमान में कुछ परिवर्तन करना चाहें। विश्वविद्यालय विद्यापरिषद में सम्यक विचारोपरान्त अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प

कार्य परिषद की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने उक्त मद का समर्थन किया और यह भी निर्णय लिया कि वर्तमान में जो Ordinance बनाया गया हैं उसमें फिलहाल कोई परिवर्तन नही किया जाय।

कार्यसूची
मद सं0–03

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा अनेक व्यवसायिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उक्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के लिए BOS द्वारा सुझाये गये पाठ्यक्रमों (Syllabus) का अनुमोदन।

संकल्प

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे व्यवसायिक पाठ्यक्रम तथा उक्त पाठयक्रमो के लिए BOS द्वारा सुझाये गये पाठ्यक्रमों (Syllabus) का अनुमोदन किया गया।

कार्यसूची
मद सं0–04

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह 23 नवम्बर 2011 के अवसर पर निम्न पाठयक्रमों में छात्र/छात्राओं को डिग्री प्रदान की जानी प्रस्तावित है :–

| | |
|---|---|
| Ph.D | (09) |
| MBA | (1650 ) |
| B.Tech. | (3685 ) |
| M.Tech. | (42) |
| MCA | (613) |
| B.Pham | (610) |
| B.P.Ed. | (49) |
| BHMCT | (188 ) |
| Intergrated M.Tech | (03) |
| M.Pharma | (80) |

संकल्प

कार्यपरिषद की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह 23 नवम्बर 2011 को कार्य सूची में दिये गये छात्र/छात्राओं को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालाय डिग्री प्रदान करेगा।

कार्यसूची

मद सं0–05

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक कॉलेज "सीमांत तकनीकी संस्थान, पिथौरागढ़' की स्थापना विलम्ब सत्र एंव प्रवेश प्रक्रिया का अनुमोदन।

संकल्प

कार्यपरिषद की बैठक में सभी सदस्यों को माननीय कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संगठक कॉलेज "सीमांत तकनीकी संस्थान, पिथौरागढ़' की स्थापना का निश्चय उत्तराखण्ड सरकार के मंत्री मण्डल द्वारा कर दिया गया हैं। सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा चिन्हित भूमि सर्वे का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया हैं। यदि परिस्थिति ठीक रही तो सत्र 2011–2012 में उक्त कॉलेज के लिये प्रवेश का कार्यक्रम चलाया जा सकता हैं।

कार्यसूची

मद सं0–06

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय 'दीक्षांत समारोह' के अवसर पर दो विशिष्ट अतिथियों को **मानद उपाधि** से विभूषित किया जाना है। उक्त नाम अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प

प्रस्ताव पर विचार किया गया तथा **Prof. S.V. Raghavan – Scientific Secretary Govt. of India New Delhi** तथा **Prof. Sanjay Govind Dhande, Director, IIT Kanpur** के तकनीकी क्षेत्र में दिये गये सराहनीय विशेष योगदान को दृष्टिगत् रखते हुये दोनो महानुभावो को विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में (D.Sc) उपाधि से विभूषित किये जाने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया।

कार्यसूची

मद सं07

विश्वविद्यालय के 'तृतीय दीक्षांत समारोह' दिनांक 23 नवम्बर, 2011 (बुधवार) को एफ0आर0आई0 सभागार में आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में विचार एवं

संकल्प

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के 'तृतीय दीक्षांत समारोह' दिनांक 23 नवम्बर, 2011 (बुधवार) को एफ0आर0आई0 सभागार में आयोजित किये जाने का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया।

कार्यसूची
मद सं08

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, होटल मैनेजेंट के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे वर्ष 2011 में 70% व इससे अधिक प्राप्तांकों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियॉ समारोह में प्रदान किये जाने तथा अन्य उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियों को अनुपस्थिति में उपाधियों का अनुमादन तथा वितरण सम्बन्धित कॉलेज/संस्थान द्वारा ही प्रदान किये जाने पर विचार एवं अनुमोदन हेतु।

संकल्प

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को यह अवगत कराया गया हैं कि एफ0आर0आई0 सभागार में स्थान कम होने के कारण विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, होटल मैनेजेंट के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों मे वर्ष 2011 में 70% व इससे अधिक प्राप्तांकों में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियॉ समारोह में प्रदान किये जाने का अनुमोद किया

कार्यसूची
मद सं09

विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में शोध (Ph.D.) पूर्ण कर चुके शोधार्थियों को उपाधियॉ प्रदान किये जाने पर अनुमोदन।

संकल्प

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को यह अवगत कराया गया हैं इस वर्ष होने वाले दीक्षांत समारोह में 09 अभ्यर्थियो को उनके द्वारा विभिन्न ब्राचों में किये गये शोध के लिए पी0एच0डी0 की डिग्री तथा तीन अन्य को एम0टैक0 में पी0एच0डी0 की डिग्री प्रदान की जायेगी।

कार्यसूची
मद सं010 अन्य मद माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

(हस्ताक्षर)
(दुर्ग सिंह चौहान)
कुलपति

Ph. (05946) 236201 to 214

<u>दिनांक 14/11/2011 सोमवार में बुलाई गयी बैठक में उठाये जाने वाले अनुपूरक मद</u>

<u>मद सं0 1</u> उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2011–2012 में एम0टैक0 तथा एम0फार्मा  कोर्स चलाये जाने के संबंध में विचार एवम् अनुमोदन हेतु।

<u>संकल्प</u> विद्या परिषद में उपस्थित सदस्यगणो को माननीय कुलपति महोदय द्वारा विस्तार से एम0टैक0 तथा एम0फार्मा पाठ्यक्रम चलाये जाने कें संबंध विस्तार से अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय ने दोनो पाठ्यक्रमों की कक्षाऐ प्रारम्भ कर दी हैं। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस मद का अनुमोदन किया।

<u>मद सं0 2</u> परीक्षा समिति की दिनांक 12/11/2011 को आयोजित की गयी बैठक के संबंध में विचार एवम् अनुमोदन।

<u>संकल्प</u> उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक दिनाक 12/11/2011 की बैठक में पारित कार्यवृत्त का अनुमोदन सभी सदस्यो द्वारा किया गया।

<u>मद सं0 3</u> नई टिहरी में स्थापित टी0एच0डी0सी0 हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के संबंध में विचार एवम् अनुमोदन।

<u>संकल्प</u> इस मद के संबंध में माननीय कुलपति महोदय के द्वारा विस्तार से सभी सदस्यों को उक्त प्रोजेक्ट के बारे में अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि नई टिहरी में स्थापित कॉलेज में सत्र 2011–2012 के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया द्वारा अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। सभी सदस्यों ने इस मद का अनुमोदन किया।

<u>मद सं0 4</u> कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल सांइस एवम् रिसर्च ऋषिकेश की सत्र 2011–2012 में परीक्षा आयोजित करने के संबंध में विचार एवम् अनुमोदन।

<u>संकल्प</u> सदस्यगणो को माननीय कुलपति महोदय द्वारा इस विषय में अवगत कराते हुये यह कहा गया हैं कि तकनीकी विश्वविद्यालय माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सत्र 2011–2012 की परीक्षाऐ आयोजित करना चाहता हैं। जिसे सर्वसम्मति से सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया।